लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........ दैनिक जागरण ........

दिनांक 19.12.2019 पृष्ठ सं. 15 कॉलम 1-4

कार्यक्रम — एचएयू में छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का मानव संसाधन निदेशक डा. एमएस सिद्धपुरिया ने किया शुभारंभ

# गैर-शिक्षकों की पदोन्नति के लिए प्रशिक्षण शुरू



एचएयू में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते प्रतिभागी। ● एचएयू

**जागरण संवाददाता, हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन निदेशालय में गैर-शिक्षक कर्मचारियों की पदोन्नति की परीक्षा के लिए छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 18-24 दिसंबर का शुभारंभ निदेशक मानव संसाधन डा. एमएस सिद्धपुरिया ने किया।

डा. सिद्धपुरिया ने बताया कि सब प्रतिभागी नियमों के विशेषज्ञों से विभिन्न समस्याएं एवं नियमों के बारे में चर्चा करें व अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त करें। उन्होंने प्रशिक्षण में प्रैक्टिकल पर विशेष जोर देने पर बल दिया। अंत में उन्होंने सभी प्रतिभागियों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने की शुभकामनाएं दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के कोर्स समन्वयक एवं निदेशालय में विशेष कार्य अधिकारी (वित्त) नवीन जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पूरे हरियाणा से विभिन्न विभागों के करीब 79 गैर-शिक्षक कर्मचारी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें हैं। इसमें सहायक वित्त नियन्त्रक, लेखा अधिकारी सहित सहायक एवं क्लर्क आदि हैं। प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण नियम जैसे विश्वविद्यालय एक्ट, बजट, पेंशन संबंधी, अंग्रेजी, हिंदी, आरटीआइ, वेतन निर्धारण, यात्रा, छुट्टी नियम आदि विषय सम्मिलित किए गए हैं। इससे पूर्व निदेशालय में संयुक्त निदेशक डा. मंजू मेहता ने सब प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस निदेशालय में विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के लिए उनके ज्ञान को बढ़ाने के लिए समय-समय पर इस तरह के प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: अमर उजाला
दिनांक: 19.12.2019 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 7-8

# गैर-शिक्षकों की पदोन्नति के लिए प्रशिक्षण शुरू



अमर उजाला ब्यूरो

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन निदेशालय में गैर-शिक्षक कर्मचारियों की पदोन्नति की परीक्षा के लिए छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को निदेशक मानव संसाधन डॉ. एमएस सिद्धपुरिया ने किया। डॉ. सिद्धपुरिया ने बताया कि सब प्रतिभागी नियमों के विशेषज्ञों से विभिन्न समस्याएं एवं नियमों के बारे में चर्चा करें व अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त करें।

उन्होंने प्रशिक्षण में प्रैक्टिकल पर विशेष जोर देने पर बल दिया। अंत में उन्होंने सभी प्रतिभागियों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने की शुभकामनाएं दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के कोर्स समन्वयक एवं निदेशालय में विशेष कार्य अधिकारी (वित्त) नवीन जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पूरे हरियाणा से विभिन्न विभागों के करीब 79 गैर-शिक्षक कर्मचारी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इनमें सहायक वित्त नियंत्रक, लेखा अधिकारी सहित सहायक एवं क्लर्क आदि शामिल हैं। प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण नियम जैसे विश्वविद्यालय एक्ट, बजट, पेंशन संबंधी, अंग्रेजी, हिंदी, आरटीआई, वेतन निर्धारण, यात्रा, छुट्टी नियम आदि विषय सम्मलित किए गए हैं। इससे पहले निदेशालय में संयुक्त निदेशक डॉ. मंजू मेहता ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस निदेशालय में विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के लिए उनके ज्ञान को बढ़ाने के लिए समय-समय पर इस तरह के प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम में सह-निदेशक डॉ. रवि गुप्ता, व सहायक निदेशक डॉ. विनोद कुमार भी उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ......दैनिक भास्कर......
दिनांक 19.12.2019 ...... पृष्ठ सं. 3 ...... कॉलम 7-8

# एचएयू में गैर-शिक्षकों की पदोन्नति के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

## मानव संसाधन निदेशक ने किया शुभारंभ



एचएयू में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते प्रतिभागी।

**भास्कर न्यूज** | हिसार

एचएयू के मानव संसाधन निदेशालय में गैर-शिक्षक कर्मचारियों की पदोन्नति की परीक्षा के लिए छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार से शुभारंभ हो गया। शुभारंभ निदेशक मानव संसाधन डॉ. एमएस सिद्धपुरिया ने किया। डॉ. सिद्धपुरिया ने बताया कि सब प्रतिभागी नियमों के विशेषज्ञों से विभिन्न समस्याएं एवं नियमों के बारे में चर्चा करें व अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त करें। उन्होंने प्रशिक्षण में प्रैक्टिकल पर विशेष जोर देने पर बल दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के कोर्स समन्वयक एवं निदेशालय में विशेष कार्य अधिकारी (वित्त) नवीन जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में विवि के पूरे हरियाणा से विभिन्न विभागों के करीब 79 गैर-शिक्षक कर्मचारी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिसमें सहायक वित्त नियन्त्रक, लेखा अधिकारी सहित सहायक एवं क्लर्क आदि हैं। प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण नियम जैसे विश्वविद्यालय एक्ट, बजट, पेंशन सम्बन्धी, अंग्रेजी, हिन्दी, आरटीआई, वेतन निर्धारण, यात्रा, छुट्टी नियम आदि विषय सम्मिलित किए गए हैं।

इससे पूर्व निदेशालय में संयुक्त निदेशक डॉ. मंजू मेहता ने सब प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस निदेशालय में एचएयू के कर्मचारियों के लिए उनके ज्ञान को बढ़ाने के लिए समय-समय पर इस तरह के प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम में सह-निदेशक डॉ. रवि गुप्ता, व सहायक निदेशक डॉ. विनोद कुमार भी उपस्थित रहे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ..... पंजाब केसरी .....
दिनांक 19.12.2019 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 1-3



*प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते प्रतिभागी।*

# 79 गैर-शिक्षक कर्मचारी प्राप्त कर रहे प्रशिक्षण

हिसार, 18 दिसम्बर (ब्यूरो): चौ. चरण सिह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन निदेशालय में गैर-शिक्षक कर्मचारियों की पदोन्नति की परीक्षा के लिए 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 18-24 दिसम्बर का शुभारंभ निदेशक मानव संसाधन डा. एम.एस. सिद्धपुरिया ने किया।

डा. सिद्धपुरिया ने बताया कि सब प्रतिभागी नियमों के विशेषज्ञों से विभिन्न समस्याएं एवं नियमों के बारे में चर्चा करें व अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त करें। उन्होंने प्रशिक्षण में प्रैक्टिकल पर विशेष जोर देने पर बल दिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के कोर्स समन्वयक एवं निदेशालय में विशेष कार्य अधिकारी (वित्त) नवीन जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पूरे हरियाणा से विभिन्न विभागों के करीब 79 गैर-शिक्षक कर्मचारी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिसमें सहायक वित्त नियंत्रक, लेखा अधिकारी सहित सहायक एवं क्लर्क आदि हैं।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........वीर अर्जुन........
दिनांक....19.12.2019.... पृष्ठ सं....14.... कॉलम....1....

## गैरशिक्षकों की पदोन्नति के लिए कार्यक्रम

हिसार। हकृवि के मानव संसाधन निदेशालय में गैरशिक्षक कर्मचारियों की पदोन्नति की परीक्षा के लिए छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक मानव संसाधन डॉ. एमएस सिद्धपुरिया ने किया। डॉ. सिद्धपुरिया ने बताया कि प्रतिभागी नियमों के विशेषज्ञों से नियमों के बारे में चर्चा कर ज्ञान प्राप्त करें। उन्होंने प्रशिक्षण मे प्रक्टिकल पर विशेष जोर दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के कोर्स समन्वयक एवं निदेशालय में विशेष कार्य अधिकारी (वित्त) नवीन जैन ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश से विभिन्न विभागों के करीब 79 गैरशिक्षक कर्मचारी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ......नभ छोर......
दिनांक 18.12.2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 5-8

# गैर शिक्षक कर्मियों के लिए हकृवि में प्रशिक्षण




हिसार/18 दिसंबर/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिहं हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन निदेशालय में गैर-शिक्षक कर्मचारियों की पदोन्नति की परीक्षा के लिए छः दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक मानव संसाधन डॉ. एम.एस. सिद्धपुरिया ने करते हुए बताया कि सब प्रतिभागी नियमों के विशेषज्ञों से विभिन्न समस्याएं एवं नियमों के बारे में चर्चा करें व अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त करें। उन्होंने प्रशिक्षण में प्रेक्टिकल पर विशेष जोर देने पर बल दिया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने की शुभकामनांए दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के कोर्स समन्वयक एवं निदेशालय में विशेष कार्य अधिकारी (वित्त) नवीन जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पूरे हरियाणा से विभिन्न विभागों के करीब 79 गैर-शिक्षक कर्मचारी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिसमें सहायक वित्त नियन्त्रक, लेखा अधिकारी सहित सहायक एवं क्लर्क आदि हैं। प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण नियम जैसे विश्वविद्यालय एक्ट, बजट, पेंशन सम्बन्धी, अग्रेंजी, हिन्दी, आरटीआई, वेतन निर्धारण, यात्रा, छूट्टी नियम आदि विषय सम्मलित किए गये हैं। इससे पूर्व निदेशालय में सयुक्त निदेशक डॉ. मंजू मेहता ने सब प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस निदेशालय में विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के लिए उनके ज्ञान को बढ़ाने के लिए समय-समय पर इस तरह के प्रशिक्षण आयोजित किए जाते है। कार्यक्रम में सह-निदेशक डॉ. रवि गुप्ता, व सहायक निदेशक डॉ. विनोद कुमार उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......सिटी पल्स......
दिनांक...18.12.2019... पृष्ठ सं....3.... कॉलम....1-4....

# गैर-शिक्षकों की पदोन्नति के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम


हिसार। प्रशिक्षण कार्यक्रम मे भाग लेते प्रतिभागी।

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन निदेशालय में गैर-शिक्षक कर्मचारियों की पदोन्नति की परीक्षा के लिए छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 से 24 दिसंबर का शुभारंभ निदेशक मानव संसाधन डॉ. एम.एस. सिद्धपुरिया ने किया।

डॉ. सिद्धपुरिया ने बताया कि सब प्रतिभागी नियमों के विशेषज्ञों से विभिन्न समस्याएं एवं नियमों के बारे में चर्चा करें व अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त करें। उन्होंने प्रशिक्षण में प्रक्टिकल पर विशेष जोर देने पर बल दिया। अन्त में उन्होंने सभी प्रतिभागियों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने की शुभकामनाएं दी।


प्रशिक्षण कार्यक्रम के कोर्स समन्वयक एवं निदेशालय में विशेष कार्य अधिकारी (वित्त) नवीन जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पूरे हरियाणा से विभिन्न विभागों के करीब 79 गैर-शिक्षक कर्मचारी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। जिसमें सहायक वित्त नियन्त्रक, लेखा अधिकारी सहित सहायक एवं क्लर्क आदि है। प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण नियम जैसे विश्वविद्यालय एक्ट, बजट, पेंशन सबन्धी, अंग्रेजी, हिन्दी, आरटीआई, वेतन निर्धारण, यात्रा, छूट्टी नियम आदि विषय सम्मलित किए गए है।

इससे पूर्व निदेशालय में सयुंक्त निदेशक डॉ. मंजू मेहता ने सब प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस निदेशालय में विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के लिए उनके ज्ञान को बढ़ाने के लिए समय-समय पर इस तरह के प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम में सह-निदेशक डॉ. रवि गुप्ता, व सहायक निदेशक डॉ. विनोद कुमार भी उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम पाठक पक्ष
दिनांक 18.12.2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 1-3

# शिक्षकों, वैज्ञानिकों और विस्तार विशेषज्ञों के इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स का समापन



हिसार, 18 दिसम्बर (निस): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय द्वारा एक माह का इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह मुख्य अतिथि थे। इस कोर्स में विश्वविद्यालय में हाल ही नियुक्त हुए 29 शिक्षकों, वैज्ञानिकों और विस्तार विशेषज्ञों ने भाग लिया। प्रो. सिंह ने प्रतिभागियों से गुणवत्ताशील प्रकाशनों और अधिक से अधिक संख्या में शोध परियोजनाएं प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। फैकल्टी से अपने ज्ञान को अपडेट रखने और ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाने का आहवान किया। उन्होंने कहा अध्यापन एक कला है जिसमें उन्हे पारंगत होना चाहिए। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय को उनसे बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्हें विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों में जाकर और उनके साथ सहयोग करके अपने ज्ञान के उन्नयन के साथ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अनुसंधान करने और अनुसंधान पत्रों को उच्च रेटिंग वाले राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय जरनलों में प्रकाशित करने चाहिए। कुलपति ने इंडस्ट्री के साथ सहयोग बढ़ाने और विश्वविद्यालय को स्वत: पोषित बनाने पर भी बल दिया। उन्होंने विशेषकर विस्तार विशेषज्ञों से किसानों की समृद्धि के लिए उन्हे उद्यमी बनाने का आह्वान किया। शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा फैकल्टी की योग्यता और कौशल पर निर्भर करती है इसलिए किसी भी शिक्षण संस्थान को राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने में फैकल्टी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इससे पूर्व मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. एम.एस. सिद्धपुरिया ने प्रतिभागियों से इस प्रशिक्षण दौरान प्राप्त किए ज्ञान का रोजमर्रा के कार्यों में प्रयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में ओएसडी डॉ. एम.के. गर्ग, सह मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक एवं कोर्स निदेशक डॉ. मंजु मेहता व डॉ. ज्यांति टोकस भी उपस्थित थी। डॉ. उर्वशी नान्दल ने मंच का संचालन किया।